10 / 04 / 2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- भारत ने सौर ऊर्जा में बनाया नया रिकॉर्ड, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताई खुशी ।

- पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं, रोजाना एक लाख से अधिक बिक रहे हैं पाँच किलो के सिलेंडर ।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'कृषि लोकरंग-2026' की तैयारियों की समीक्षा की ।

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन में 'उन्नत कृषि महोत्सव' की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ , कल से तीन दिवसीय महोत्सव की होगी औपचारिक शुरुआत ।

## सौर ऊर्जा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की सौर ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि देश ने अब तक की सबसे ज्यादा वार्षिक सोलर कैपेसिटी जोड़ने का रिकॉर्ड बनाया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी के एक लेख में उल्लेखित रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में हासिल इस उपलब्धि पर टिप्पणी की। श्री जोशी ने लेख में बताया कि भारत ने 2025-26 में करीब 45 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की सोलर क्षमता जोड़ी है, जो पिछले साल के मुकाबले लगभग दोगुनी है।

## ईंधन- आपूर्ति

पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में बिजली और ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। सभी ताप बिजली संयंत्र पूरी क्षमता से चल रहे हैं और कोयले का पर्याप्त भंडार मौजूद है। वहीं पेट्रोलियम मंत्रालय का कहना है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है। पिछले महीने 14 मार्च से अब तक एक लाख छह हजार टन से अधिक व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति हो चुकी है और रोजाना एक लाख से अधिक पाँच किलो के सिलेंडर बिक रहे हैं।

## पेट्रोलियम मंत्री- यात्रा

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दोहा में कतर के ऊर्जा मंत्री साद अल-काबी से मुलाकात की, जिसमें कतर ने भारत को विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों ने आपसी रणनीतिक संबंधों के सभी पहलुओं पर भी बातचीत की। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में जल्द शांति की उम्मीद जताई और अमरीका-ईरान के बीच हुए दो हफ्ते के युद्धविराम समझौते का स्वागत किया।

## कृषि प्रदर्शनी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन के दशहरा मैदान में तीन दिवसीय 'उन्नत कृषि महोत्सव' की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। 11 से 13 अप्रैल तक चलने वाले इस राष्ट्रीय कृषि मेले का मुख्य उद्घाटन कल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे, जबकि 13 अप्रैल को समापन समारोह में नितिन गडकरी शामिल होंगे।

## समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 'कृषि लोकरंग-2026' की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस आयोजन की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाए और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अगले महीने बालाघाट में प्रस्तावित जनजातीय महोत्सव की तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## अमित शाह- संकल्प पत्र

गृह मंत्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र के मुताबिक सरकार में आने के छह महीने के अंदर समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू करने और 45 दिनों के भीतर 7वां वेतन आयोग लागू करने का वादा किया गया है। इसके अलावा हर महिला के बैंक खाते में तीन हजार रुपये जमा करने और पुलिस बल सहित सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का भी वादा किया गया है।

## अतिक्रमण

भोपाल के बड़े तालाब के आसपास अवैध कब्जे हटाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त अभियान शुरू किया है। आज सुबह हलालपुरा इलाके में जेसीबी से तालाब किनारे बने एक फार्म हाउस और उसकी बाउंड्री वॉल को तोड़ा गया। प्रशासन ने बताया कि तालाब के आसपास कुल 347 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें अगले 15 दिनों में हटाया जाएगा।

## जल संसाधन दिवस

आज जल संसाधन दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों से जल संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा कि जल केवल जीवन का आधार नहीं बल्कि सृष्टि का सार भी है और हर बूंद में भविष्य की समृद्धि का संदेश है।

## पोषण पखवाड़ा

प्रदेश में 9 से 23 अप्रैल तक 8वां पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इस साल पखवाड़े की थीम- "जीवन के शुरुआती छह वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास" रखी गई है। इस अभियान में सात विभागों के समन्वय से स्वास्थ्य शिविर, जंक फूड के दुष्प्रभावों पर जागरूकता रैलियां और पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। छोटे बच्चों में मोबाइल की लत कम करने पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही पोषण ट्रैकर ऐप के जरिए बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर की निगरानी भी की जा रही है।

## उज्जैन- बोरवेल-बच्चा

उज्जैन के बड़नगर में 200 फीट गहरे बोरवेल में गिरे दो साल के मासूम भागीरथ देवासी की मौत हो गई। करीब 22 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद NDRF-SDRF की टीम ने लोहे की छड़ और रस्सी की मदद से बच्चे का शव बाहर निकाला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है और उसके बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

मथुरा, नाव पलटी

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में आज यमुना नदी में नाव पलटने से छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना दोपहर करीब पौने तीन बजे हुई। नौका में लुधियाना के श्रद्धालु सवार थे। अब तक छह शव बरामद किए जा चुके हैं और बचाव अभियान जारी है। मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट सीपी सिंह ने बताया कि लुधियाना के करीब 30 लोग दो नावों में सवार थे।

बैडमिंटन

भारत के आयुष शेट्टी ने चीन में आयोजित बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। शेट्टी ने विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराकर बड़ा उलटफेर किया। कड़े क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शेट्टी ने 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की।

समाचार संक्षेप में -----

- शहडोल जिले में एयरपोर्ट निर्माण को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने लालपुर हवाई पट्टी का निरीक्षण किया.
- बैतूल के  पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सारणी एवं शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज छात्राओं को निशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई गई.
- आगरमालवा के सोयतकला स्थित एक निजी विद्यालय में आज परीक्षा के दौरान  मधुमक्खियों द्वारा किये गये हमले में चार विद्यार्थी घायल हो गये जिनमें से एक की दर्दनाक मौत हो गई।
- गुना जिला जेल मे 26 अप्रैल को  विशेष जेल लोक अदालत आयोजित की जाएगी ।
- झाबुआ में 15 अप्रैल को जिला स्तरीय “युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार मेला” आयोजित किया जाएगा.
- उमरिया में गंगा संवर्धन अभियान के दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण जनजागरुकता का कार्य किया गया.
- खंडवा- में आज सफाई मित्रों के लिए सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.